राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# राजभवन के कार्मिकों का एचसीएम रीपा में दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

जयपुर, 10 सितम्बर। हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान में बुधवार को राजभवन के कार्मिकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इसमें राजभवन सचिवालय के कार्मिकों को विषय विशेषज्ञों द्वारा कार्यालय प्रक्रिया, प्रबंधन आदि से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया।

राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी ने बताया कि राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे की पहल पर सुशासन के आलोक में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें वित्तीय सलाहकार श्रीमती संध्या शर्मा, नियंत्रक श्री शरद तिवारी आदि ने भी इसमें मार्गदर्शन दिया।

------

